राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

पत्रांकः–आर0एम0पी0यू0/488/2022 दिनांकः– 07 जून, 2022

सेवा में,

प्रबन्धक/सचिव/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अनुदानित/स्ववित्तपोशित महाविद्यालय,
सम्बद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषयः–**महाविद्यालय की संबद्धता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत किये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्र संख्याः आर.एम.पी.यू./58/2022 दिनांक 16/02/2022, अनुस्मारक–1 संख्याः आर.एम.पी.यू/100/2022 दिनांक 02/03/2022, अनुस्मारक–2 संख्याः आर.एम.पी.यू/261/2022 दिनांक 22/04/2022, अनुस्मारक–3 संख्याः आर.एम.पी.यू/358/2022 दिनांक 09/05/2022 एवं अनुस्मारक–4 संख्याः आर.एम.पी.यू/452/2022 दिनांक 28/05/2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

2. उपर्युक्त पत्रों में उल्लेख किया गया था कि अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्गत अधिसूचना सं0 611/सत्तर–1–2021–16(74)/2018 टी0सी0 दिनांक 28 अप्रैल, 2021 द्वारा जनपद अलीगढ, एटा, कासगंज एवं हाथरस में स्थित समस्त महाविद्यालय दिनांक 15 जून, 2021 से राजा महेन्द्र प्रताप सिह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़ से स्वतः संबद्ध हो गये है।

3. उक्त के सम्बन्ध में बार–बार निर्देशित किये जाने पर भी अधिकांश महाविद्यालयों द्वारा निम्न अभिलेखों की प्रमाणित प्रति उपलब्ध नहीं करायी गयी है। यह अत्यंत दुखद है एवं मा0 कुलपति जी द्वारा इस पर घोर अप्रसन्नता व्यक्त की गई है।

क. महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम का सत्र 2022–23 हेतु अथवा स्थायी संबद्धता का पत्र एवं पाठ्यक्रमवार स्वीकृत सीटों का विवरण।

ख. महाविद्यालय की अनुमोदित प्रबंध समिति का पत्र।

ग. महाविद्यालय में संचालित प्रत्येक पाठ्यक्रम के अनुमोदित शिक्षकों तथा वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों का पत्र।

4. यह भी अवगत कराना है कि दिनांक 04/01/2022 से अद्यतन यदि किसी महाविद्यालय की संबद्धता, प्रबंध समिति, शिक्षक अनुमोदन आदि के सम्बन्ध में कोई पत्र डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा द्वारा जारी किया गया है, तो वह इस विश्वविद्यालय में मान्य नहीं है।

5. कुलपति जी के निर्देशानुसार आपको अंतिम अवसर प्रदान करते हुए अपेक्षा की जाती है कि उपर्युक्त पत्रों की प्रमाणित प्रति (हार्ड कापी) दिनांक 13/06/2022 की सायं 05:00 तक अवश्य उपलब्ध करा दें अन्यथा दिनांक 1 जुलाई 2022 से

Scanned with CamScanner

Email:- registrar.rmpu@gmail.com, Contact No. 7017836228

प्रारम्भ होने वाले शैक्षणिक सत्र 2022–23 में किसी भी पाठ्यक्रम में प्रवेश पूर्णतया प्रतिबन्धित रहेगा।

भवदीय

(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, आगरा–अलीगढ़ परिक्षेत्र।
3. जिला विद्यालय निरीक्षक – जनपद अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज।
4. सम्पादक, समस्त समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ कि उपरोक्त सूचना को अपने सम्मानित समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी वेबसाइट।

कुलसचिव

Scanned with CamScanner